कोविड-19 के खिलाफ लड़ाई में 1000 नए फोर्स ट्रैवलर एम्बुलेंस की सुविधा

नवभारत संवाददाता

पुणे. लॉकडाउन में छूट के बाद संक्रमण के मामलों में बड़े पैमाने पर बढ़ोतरी की आशंका को देखते हुए, राज्य सरकारें और स्थानीय प्रशासन अपने-अपने इलाकों में हेल्थ केयर इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने के लिए भरपूर प्रयास कर रहे हैं. पुणे में स्थित मोटर वाहन की एक प्रमुख कंपनी, फोर्स मोटर्स ने एक हजार से ज्यादा एम्बुलेंस उपलब्ध कराए हैं, जिसमें 130 एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस, 282 बेसिक लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस और 656 से अधिक मोबाइल मेडिकल यूनिट्स शामिल हैं.

■ इससे राज्य में हेल्थकेयर इंफ्रास्ट्रक्चर काफी बेहतर होगा, सुविधाएं लोगों तक पहुंचेंगी तथा इस प्रक्रिया में होने वाली देरी में भी कमी आएगी . सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई मोबाइल मेडिकल यूनिट्स में कोविड-19 के स्क्रीनिंग की सुविधाएं भी मौजूद हैं, और आम लोग 104 डायल कर इसका लाभ उठा सकते हैं . इस अवसर पर फोर्स मोटर्स के मैनेजिंग डायरेक्टर, प्रसन फिरोडिया ने कहा, " स्थानीय प्रशासन और राज्य सरकारें अपनी सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों को बेहतर बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही हैं . हमें बेहद खुशी है कि आंध्र प्रदेश सरकार ने प्रमाणिक और विश्वसनीय श्रेणी के फोर्स ट्रैवलर एम्बुलेंस पर फिर से अपना भरोसा दिखाया है, साथ ही हम दूसरे राज्यों में भी इस तरह की